an>

Title: Need to construct an overbridge in place of underpass at Ibrahimpur Fatak in Kairana Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): माननीय अध्यक्ष जी, संख्या 93 सी सरसावां से शाहपुर को जाने वाली रोड इब्राहिमपुर पड़ता है ।…(व्यवधान) हमारा क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित है, जब भारी बरसात होती है तो भयंकर बाढ़ आती है …(व्यवधान) उसके पास अन्य जो फाटक हैं, उन सभी फाटकों पर अंडरपास बनाए जा रहे हैं ।

आपके माध्यम से मेरी सरकार से मांग है कि उस फाटक पर अंडरपास की जगह ओवरब्रिज बनाया जाए । …(व्यवधान) उस फाटक पर पुल बनाया जाना इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि वह बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है । बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में जो अंडरपास बने हुए हैं, …(व्यवधान) वहां पानी न भरे और पुल के माध्यम से लोगों का आवागमन सुलभ और सुगम तरीके से बना रहे, यही मेरी सरकार से मांग है ।

माननीय अध्यक्ष:

श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री प्रदीप कुमार चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

कुमारी रम्या हरिदास - श्री उपस्थित नहीं ।